दिन– मंगलवार　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　दिनांक– 15/04/2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– प्रातः 08.48 बजे से।　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　अवधिः– 15 मिनट

---

01. राज्य के सोलह जिलो में तेज आंधी, बारिश और ओलावृष्टि से फसलों को व्यापक नुकसान। अरवल में वज्रपात की चपेट में आने से एक ही परिवार के तीन लोगों की मौत।
02. काल बैशाखी की सक्रियता के कारण आज भी प्रदेश के अधिकतर भागों में बारिश, ओलावृष्टि और वज्रपात का अलर्ट।
03. आंबेडकर समग्र योजना के तहत राज्य सरकार अनुसूचित जाति और जनजाति बहुल इलाकों में साठ हजार शिविर लगाकर बाईस प्रकार की योजनाओं का देगी लाभ।
04. और, राज्य सरकार का निर्णय– गोताखोरो और नाविकों का होगा पांच लाख रुपए तक का बीमा।

---

काल वैशाखी के प्रभाव से राजधानी पटना समेत प्रदेश के सोलह जिलों में आंधी और पानी से फसलों को व्यापक नुकसान हुआ है। इस दौरान शेखपुरा, सारण, बांका और कैमूर जिले में कुछ जगहों पर ओलवृष्टि भी हुई है। ओलावृष्टि के कारण फसल को व्यापक क्षति हुई है। पिछले चौबीस घंटों में सबसे अधिक चौदह दशमलव पांच मिलीमीटर वर्षा वैशाली में रिकॉर्ड की गयी। वहीं, पटना में छह दशमलव पांच मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गयी है। इधर, मौसम विभाग ने अगले चौबीस घंटों के दौरान भागलपुर, बांका, जमुई, मुंगेर और खगड़िया सहित कई स्थानों पर मेघगर्जन और वज्रपात के साथ कई स्थानों पर चालीस से साठ किलोमीटर प्रति घंटा की रफ्तार से तेज हवा चलने का अलर्ट जारी किया है।

———बाइट———

इधर, अरवल जिले के वंशी प्रखंड के शादीपुर गांव में वज्रपात की चपेट में आने से एक दंपति और उनकी बेटी की मौत हो गई। गोपालगंज के कोटवा गांव में भी वज्रपात से एक व्यक्ति की मौत हो गयी।

---

केन्द्र सरकार ने प्रधानमंत्री आवास योजना, ग्रामीण के अन्तर्गत वित्तीय वर्ष दो हजार पच्चीस–छब्बीस के लिए पांच लाख बीस हजार सात सौ बयालीस अतिरिक्त आवास आवंटित किया है। इन अतिरिक्त आवासों के आवंटन से प्रदेश में पीएम आवास योजना की वर्ष दो हजार अठारह से चली आ रही प्रतिक्षा सूची समाप्त हो गयी है।

केन्द्रीय कृषि और किसान तथा ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को इस संबंध में जानकारी दी है। गौरतलब है कि योजना के लाभुकों की नई सूची बनाने को लेकर प्रदेश में सर्वेक्षण का कार्य चल रहा है। सर्वेक्षण कार्य तीस अप्रैल तक चलेगा।

---

राज्य के सभी प्रखंडों में साठ हजार से अधिक अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति टोलों में विशेष विकास शिविर लगाये जायेंगे। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार पटना में डॉक्टर अम्बेडकर समग्र सेवा अभियान का शुभारंभ करते हुये कहा कि शिविर के माध्यम से बाईस से अधिक सरकारी योजनाओं का लाभ मौके पर ही लाभार्थियों को उपलब्ध कराया जायेगा। इस अभियान के तहत प्रत्येक प्रखंड की आधी पंचायतों के एक–एक टोले में बुधवार और शेष पंचायतों के हर टोले में शनिवार को शिविर लगाये जायेंगे।

---

राष्ट्रीय जनता दल के वरिष्ठ नेता और बिहार विधानसभ में नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी प्रसाद यादव आज नई दिल्ली में कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे के साथ बैठक करेंगे। राजद सांसद मनोज झा ने बताया कि इस दौरान बिहार विधानसभा चुनाव में सीटों के बंटवारे समेत कई बिन्दुओं पर बातचीत होगी।

---

राष्ट्रीय लोक जनशक्ति पार्टी के अध्यक्ष पशुपति कुमार पारस ने कहा है कि उनका अब एनडीए से कोई नाता नहीं है। पटना में संवाददाताओं से बातचीत में उन्होंने कहा कि उनकी पार्टी बिहार विधानसभा चुनाव में सभी दो सौ तैंतालीस सीटों पर चुनाव लड़ने को तैयार है। श्री पारस ने कहा कि यदि उन्हें महागठबंधन में उचित सम्मान मिलेगा तो वे उनके साथ जाने के लिए तैयार हैं।

———बाइट———

---

मद्य निषेध उत्पाद और निबंधन विभाग ने कहा है कि वर्षों से वार्षिक रिपोर्ट और अन्य जरूरी दस्तावेज नहीं सौंपने वाले राज्य में कार्यरत एनजीओ और अन्य सामाजिक संस्थाओं का निबंधन रद्द होगा। विभाग ने स्पष्ट किया है कि इकतीस मई तक सभी संस्थानों को अपना वार्षिक ब्यौरा ऑनलाईन जमा करना अनिवार्य होगा। समय सीमा का उल्लंघन करने वाली संस्थाओं का निबंधन रद्द कर दिया जायेगा। इसके बाद भौतिक रूप से कोई रिपोर्ट स्वीकार नहीं की जायेगी।

---

परिवहन विभाग ने कहा है कि बिना थर्ड पार्टी इंश्योरेंस के वाहन चलाने पर अब चालान कटेगा। यह नियम राज्य के स्मार्ट सिटी पटना, मुजफ्फरपुर, भागलपुर और बिहारशरीफ में जल्द ही लागू होगा। परिवहन विभाग के सचिव संजय कुमार अग्रवाल ने बताया कि नियम का उल्लंघन करने वाले वाहनाकें का एक दिन में एक बार चालान कटेगा। निर्गत ई–चलान की राशि जमा करने के लिए विभाग की ओर से एक दिन की अनुग्रह अवधि दी जायेगी। उन्होंने कहा कि अभी टोल प्लाजा पर ई–डिटेक्शन सिस्टम से बिना थर्ड पार्टी इंश्योरेंस के वाहनों का ऑटोमेटिक चालान काटा जाता है। अब यह व्यवस्था विभिन्न शहरों में भी लागू की जायेगी।

---

सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधीश बी.आर. गवई ने कहा है कि भारतीय संविधान समय की कसौटी पर हमेशा खरा उतरा है और इसने देश को सुदृढ़, स्थिर और एकजुट रखा है। न्यायमूर्ति गवई कल नई दिल्ली में डॉ. आम्बेडकर अंतर्राष्ट्रीय केन्द्र द्वारा आयोजित प्रथम आम्बेडकर स्मारक व्याख्यान दे रहे थे। उन्होंने कहा कि पिछले वर्षों के दौरान देश ने अनेक बाहरी दबाव और आंतरिक अस्थिरता का सामना किया है, लेकिन इसके बावजूद यह एकजुट और सुदृढ़ रहा है। बदलावों को समायोजित करने के लिए संविधान में समय–समय पर संशोधन होता रहा है।

---

और, अब एक जरूरी सूचना.....

आकाशवाणी पटना से दोपहर तीन बजकर दस मिनट पर प्रसारित होने वाले हिन्दी समाचार बुलेटिन और तीन बजकर पंद्रह मिनट पर प्रसारित होने वाले उर्दू समाचार बुलेटिन के प्रसारण समय में बदलाव किया गया है। अब हिन्दी समाचार बुलेटिन का प्रसारण प्रत्येक दिन दोपहर दो बजे से जबकि उर्दू समाचार बुलेटिन का प्रसारण दोपहर दो बजकर पांच मिनट से किया जा रहा है।

---

राज्य सरकार नाविकों और गोताखोरों को पांच लाख रूपये तक का बीमा उपलब्ध करायेगी। पिछड़ा वर्ग और अति पिछड़ा वर्ग कल्याण मंत्री हरि सहनी ने कहा कि मल्लाह समुदाय के लोगों का दो लाख का जीवन बीमा कराया जायेगा। श्री सहनी ने निषादराज गुह्य जयंती पखवाड़ा के अवसर पर यह घोषणा करते हुये कहा कि नाव और नाविकों का निःशुल्क पंजीकरण किया जायेगा। इसके अलावा चालीस से साठ प्रतिशत तक की सब्सिडी नावों की खरीद पर दी जायेगी। उन्होंने कहा कि निषादराज गुह्य जी की जयंती के अवसर पर आज पटना में जे.पी. गंगा पथ के दीघा घाट पर

एक नाव रैली और गोताखोर प्रतियोगिता का आयोजन किया जायेगा। मंत्री ने कहा कि यह आयोजन हमारे ऐतिहासिक, सांस्कृति गौरव को सहजने का प्रयास है। इससे मल्लाह समुदाय के अधिकारों, उनकी प्रतिभा और परंपरा को सम्मान मिलेगा।

---

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और केन्द्रीय खेल मंत्री डॉक्टर मनसुख मांडविया ने खेलो इंडिया यूथ गेम्स, दो हजार पच्चीस के प्रतीक और शुभंकर का अनावरण किया। शुभंकर का नाम गजसिंह रखा गया है। मुख्यमंत्री सचिवालय के संवाद भवन में आयोजित कार्यक्रम में उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और विजय कुमार सिन्हा भी उपस्थित रहे। बिहार राज्य खेल प्राधिकरण के महानिदेशक रविन्द्रन शंकरण ने बताया कि इन खेलों का आयोजन चार से पन्द्रह मई तक पटना, राजगीर, गया, भागलपुर और बेगूसराय में होना है। इसके तहत वॉलीबॉल, बास्केटबॉल, बॉक्सिंग, कबड्डी, एथलेटिक्स और सेपक टाकरा समेत अठारह अलग–अलग खेल प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी। उन्होंने बताया कि इस आयोजन में दस हजार से अधिक खिलाड़ी और अधिकारी भाग लेंगे।

–––बाईट–––

इधर, पटना के ज्ञान भवन में आयोजित कार्यक्रम में खेलो इंडिया यूथ गेम्स के थीम सांग, मशाल और जर्सी का अनावरण किया।

–––थीम सांग–––

समारोह में उप मुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा, खेल मंत्री सुरेन्द्र मेहता, विधायक और ओलंपियन श्रेयसी सिंह, एथलीट लवलीना बरगोहाइन, मीरा बाई चानू, हॉकी खिलाड़ी जफर इकबाल और पूर्व भारतीय फुटबॉल खिलाड़ियों बाइचुंग भूटिया, समेत खेल जगत की कई हस्तियां शामिल हुईं।

---

–––थीम सांग–––

इधर, खेलो इंडिया यूथ गेम्स की मशाल यात्रा आज से शुरू हो रही है। यह यात्रा दो मई तक प्रदेश के सभी अड़तीस जिलों से गुजरेगी। इस दौरान लोगों को खेलो इंडिया यूथ गेम्स को लेकर जागरूक किया जायेगा। मशाल यात्रा में प्रदेश के नामचीन खिलाड़ी और विभिन्न खेल संगठनों से जुड़े पदाधिकारी और जन प्रतिनिधि भाग लेंगे।

---

भारत नेपाल सीमा के निकट नेपाल के बीरगंज में कर्फ्यू समाप्त होने के बाद आवागमन सामान्य हो गया है। रक्सौल और बीरगंज स्थित दोनों देशों की सीमा पर खड़े माल वाहक वाहन और पर्यटकों की आवाजाही भी सुचारू हो गयी है।

---

दरभंगा सहित सम्पूर्ण मिथिला क्षेत्र में जूड़शीतल का पर्व आज पारंपरित हर्षोल्लास के साथ मनाया जा रहा है। आज के दिन लोग अपने पेड़ों को जल अर्पित करते हैं। इसके साथ ही एक दूसरे पर मिट्‌टी का लेप लगाकर धूर खेल खेलते हैं।

---

अरवल जिले के राष्ट्रीय उच्च पथ संख्या एक सौ उनतालीस पर बेलसार ग्राम के पास सड़क दुर्घटना में मोटरसाईकिल सवार दो लोगों की मौत हो गयी।

---

अब पटना से प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्रों की सुर्खियां.......

आज के सभी समाचार पत्रों ने अलग–अलग खबरों को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

हिन्दुस्तान की सुर्खी है– समान पेंशन योजना वर्ष के अंत तक हो सकती है शुरू। अखबार लिखता है– योजना का लाभ हर व्यक्ति को मिले इसके लिए रोजगार की बाध्यता नहीं होगी। दैनिक जागरण की विशेष खबर है– बिना थर्ड पार्टी वाहन चलाया तो कटेगा, ऑटोमेटिक ई–चलान। दैनिक भास्कर का शीर्षक है– एसबीआई के लोन सस्ते, ब्याज दरों में शून्य दशमलव दो पांच प्रतिशत की कटौती।

प्रभात खबर ने प्राथमिक शिक्षक से जुड़ी खबर को प्रमुखता से प्रकातिश करते हुये लिखा है– पटना हाई कोर्ट का फैसला, प्राथमिक शिक्षकों को मिलेगा ट्रेनिंग के अनुसार वेतन का लाभ। आज अखबार की सुर्खी है– प्रदेश में दो हजार दो सौ छह शिक्षा सेवकों की होगी बहाली। राष्ट्रीय सहारा का शीर्षक है–खेलो इंडिया यूथ गेम्स का बिहार में पहली बार, चार से पन्द्रह मई तक होगा आयोजन। प्रधानमंत्र नरेन्द्र मोदी करेंगे उद्‌घाटन।

---

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर.......

01. राज्य के सोलह जिलो में तेज आंधी, बारिश और ओलावृष्टि से फसलों को व्यापक नुकसान। अरवल में वज्रपात की चपेट में आने से एक ही परिवार के तीन लोगों की मौत।
02. काल बैशाखी की सक्रियता के कारण आज भी प्रदेश के अधिकतर भागों में बारिश, ओलावृष्टि और वज्रपात का अलर्ट।

03. आंबेडकर समग्र योजना के तहत राज्य सरकार अनुसूचित जाति और जनजाति बहुल इलाकों में साठ हजार शिविर लगाकर बाईस प्रकार की योजनाओं का देगी लाभ।

04. और, राज्य सरकार का निर्णय– गोताखोरो और नाविकों का होगा पांच लाख रुपए तक का बीमा।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।

आकाशवाणी पटना से अगला समाचार बुलेटिन दोपहर दो बजे प्रसारित किया जायेगा। नमस्कार।